Title: Need to address the problem of shortage of power supply in Maharashtra.

श्रीमती कल्पना रमेश नरहिरे (उस्मानाबाद) : अध्यक्ष महोदय, महाराट्र राज्य में रोजाना 14-16 घंटे बिजली गायब रहती है। बिजली की कटौती के कारण राज्य के निवासियों को अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, खास कर इससे ग्रामीण लोगों को व शहरी, जनता तथा विद्यार्थियों, किसानों को इस कटौती की वजह से बहुत नुकसान उठाना पड़ रहा है।

अतः मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि विद्यार्थियों, किसानों, नौकरी करने वालों की परेशानी को देख कर पूरे राज्य में ज्यादा से ज्यादा घंटे बिजली प्रसारित करें।